**कार्यालय कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
**जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा"**
**बैठक दिनांक 28.02.2018**
**<u>कार्यवाही विवरण</u>**

दिनांक 28.02.2018 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक माननीय श्री विक्रम उसेण्डी, सांसद, लोकसभा क्षेत्र कांकेर एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" जिला उत्तर बस्तर कांकेर की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गयी। उक्त बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित हुये–

**<u>उपस्थित पदाधिकारीगण</u>**

1 श्री विक्रम उसेण्डी, माननीय सांसद, लोक सभा क्षेत्र कांकेर एवं माननीय अध्यक्ष दिशा
2 श्री भोजराज नाग, माननीय विधायक, अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं सदस्य दिशा
3 श्रीमती सुभद्रा सलाम, माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत कांकेर एवं सदस्य दिशा
4 श्री टामन सिंह सोनवानी, कलेक्टर एवं सदस्य सचिव दिशा
5 श्रीमति पुष्पा सलाम माननीय अध्यक्ष, जनपद पंचायत कांकेर एवं सदस्य दिशा
6 श्रीमती उषा ओट्टी, माननीय अध्यक्ष, जनपद पंचायत चारामा एवं सदस्य दिशा
7 श्रीमती सविता उईके, माननीय अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल एवं सदस्य दिशा
8 श्री मनोहर सिंह उसेण्डी, माननीय अध्यक्ष, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा एवं सदस्य दिशा
9 श्रीमती सुमित्रा नागराज, माननीय अध्यक्ष, नगर पंचायत चारामा एवं सदस्य दिशा
10 श्री असीम राय, माननीय अध्यक्ष, नगर पंचायत पखांजूर एवं सदस्य दिशा

**उपस्थित अधिकारीगण**

1 सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत उ.ब. कांकेर
2 श्री मुकेश संतोषी, सुप्रिंटेंडिंग इंजिनियम, प्र.मं.ग्रा.स.यो. उ.ब. कांकेर
3 श्री टी.एल. सहारे, कार्यपालन अभियंता, सीएसपीडीएल उ.ब.कांकेर
4 श्री एल.के.कोंगे, कार्यपालन अभियंता, (प्रोजेक्ट)सीएसपीडीएल उ.ब.कांकेर
5 श्री पी.एन.राव, कार्यपालन अभियंता, सीएसपीडीएल भानुप्रतापपुर उ.ब.कांकेर
6 श्री एस.के. गुप्ता, कार्यपालन अभियंता प्र.मं.ग्रा.स.यो. उ.ब. कांकेर
7 श्री डी राम कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग उ.ब. कांकेर
8 श्री आर.के. गौड़, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर
9 श्री पी.एस सुधाकर, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उ.ब. कांकेर
10 श्री एस.आर. सोनखुसरे कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय उपखंड कांकेर
11 श्री ए.के. नाथ, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन उ.ब. कांकेर
12 श्री आर.के. कुम्हार, कार्यपालन अभियंता, कार्यपालन अभियंता, रा.रा.मार्ग जगदलपुर
13 श्री जितेन्द्र कुमार कोमरा, सहायक संचालक कृषि, उ.ब. कांकेर
14 श्री जेवियर टोप्पो, प्रबंधक, उद्योग एवं व्यापार केन्द्र कांकेर
15 श्री हेमराज ठाकुर, प्रबंधक, अग्रणी बैंक, उ.ब. कांकेर
16 श्री सी.एम. पॉल, सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मैकेनिकल उ.ब.कांकेर
17 श्री भूपेन्द्र गिलहरे सहायक अभियंता क्रेडा, उ.ब. कांकेर
18 डॉ. जे.एल. उइके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उ.ब. कांकेर
19 श्री बी.एस. मण्डावी, जिला खनिज अधिकारी उ.ब. कांकेर
20 श्री एच.आर. राणा, जिला कार्यकम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग उ.ब. कांकेर

19-03-18 11:46

21 श्री डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव उप संचालक, पशुचिकित्सा विभाग उ.ब. कांकेर
22 श्री ए.के. सॉई पैकरा, जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी उ.ब. कांकेर
23 श्री बी.आर. ठाकुर, जिला रोजगार अधिकारी उ.ब. कांकेर
24 श्री जी.एच. त्रिनाथरेडडी, डी.एम. नॉन, उ.ब. कांकेर
25 श्री एस.एल. वर्मा,नोडल सीसीसीबी उ.ब. कांकेर
26 श्री अखिलेश शर्मा, डीपीएम, एनएचएम, उ.ब. कांकेर
27 श्री जे.आर. वैद्य, सहायक खाद्य अधिकारी, उ.ब. कांकेर
28 श्री टी.आर. साहू, जिला शिक्षा अधिकारी, उ.ब. कांकेर ।
29 श्री के.पी. ध्रुव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास उ.ब. कांकेर
30 श्री बी.आर. दर्रो, एसएचडीओ, उद्यान उ.ब. कांकेर
31 श्री एस.के. साहू, सहायक संचालक मछलीपालन, उ.ब. कांकेर
32 श्री एच.एल. साहू, फिल्ड आफिसर रेशम उ.ब. कांकेर
33 श्री सुनील तिवारी, सहायक संचालक, जनसंपर्क, उ.ब. कांकेर
34 श्री जी.एन.बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी दूरभाष उ.ब. कांकेर
35 श्री विवेक कुमार, श्रीवास्तव, आरवीएनएल, मैनेजर उ.ब. कांकेर
36 श्री लाल, अजय बहादूर सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उ.ब. कांकेर
37 श्री आनंद गुप्ता, डीएमसी रा.गा.शि.मि. उ.ब. कांकेर
38 श्री जे. खलको, डी.आर.सी.एस. उ.ब. कांकेर
39 श्री एम.आर.नाग, आर.आई. भू अभिलेख उ.ब. कांकेर
40 श्री डी.के. यादव, हेड पोस्ट मास्टर, उ.ब. कांकेर
41 श्री दीपचंद पुरी, एसडीआई, (पी) भानुप्रतापपुर उ.ब. कांकेर
42 श्री योगेश गोंदलेकर, एसडीआई, (पी) उ.ब. कांकेर
43 श्री कन्हैया जोशी, डब्ल्यूडीटी आई.डब्ल्यू.एम.पी.
44 श्री पी.सी.नाग, उप संचालक, वन मंडल पूर्व भानुप्रतापपुर
45 सुश्री शमा फारूखी, अनुविभागीय अधिकारी, वन उ.ब. कांकेर
46 श्री युगलकिशोर शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अंतागढ़
47 श्री जी.एस. धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर
48 श्री जी.एल. चुरेन्द्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा
49 श्री विश्वनाथ रेडडी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दूर्गूकोंदल
50 श्री यू.एस.पामभोई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा दूर्गूकोंदल
51 श्री एच.आर.देवांगन, प्रभारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा नरहरपुर
52 श्री जी.आर. रानसिंह, सीएमओ नगर पंचायत भानुप्रतापपुर
53 श्री श्यामलाल पण्डेल, सीएमओ नगर पंचायत नरहरपुर
54 श्री दानेश्वर भट्ट, सीएमओ नगर पंचायत चारामा
55 श्री डोमेन्द्र वर्मा, निहारिका फाउन्डेशन, पीएमकेवाय टीपीटीसी हेड उ.ब.कांकेर
56 श्री राजेन्द्र मिश्रा, सेंटर हेड, पीएमकेवाय, उ.ब.कांकेर
57 सुश्री हेमलता नेताम, पीएमकेवाय, उ.ब.कांकेर
58 अमित कुमार स्वर्णकार, पीएमकेवाय टीपी उ.ब.कांकेर
59 श्री घनश्याम साहु, ई-डी.एम. चिप्स जिला उ.ब. कांकेर
60 श्री आशिष कुमार शोरी, समाज कल्याण विभाग, उ.ब. कांकेर
61 श्री आर.के. दुर्गे, उप अभियंता, ब्रृज निर्माण कांकेर

19-03-18 11:46

सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति **"दिशा"** के माननीय अध्यक्ष श्री विक्रम उसेण्डी सांसद, लोक सभा क्षेत्र कांकेर एवं माननीय विधायकगण तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों/समिति के पदाधिकारियों के स्वागत उद्बोधन पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन विषयक जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा विभागवार समीक्षा की गयी। पेंशन प्रकरणों के विषय में जनपदवार चर्चा उपरांत समाज कल्याण विभाग द्वारा मार्च तक की राशि जारी कर दिये जाने की जानकारी दी गयी।

जिलाध्यक्ष महोदय, द्वारा सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को मार्च 5 तक का भुगतान कर दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में अथवा आबंटन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में भी शासनादेश अनुरूप अन्य मद से भुगतान की कार्यवाही कर आबंटन प्राप्ति उपरांत राशि समायोजित की जा सकती है। अंतागढ़ क्षेत्र में भुगतान के लिए कोआर्डिनेटर नियुक्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर को यह भी निर्देशित किया गया कि यदि वाहन की समस्या हो तो जनपद के वाहन में पोस्ट आफिस वालों में को भी पेंशन निराकरण हेतु क्षेत्रीय भ्रमण में ले जायें। पोस्टल विभाग को पंचायत द्वारा समुचित सहयोग प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

चर्चा उपरांत माननीय सांसद महोदय द्वारा 15 दिन में समस्त पेंशन भुगतान करा दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया, तथा सांसद महोदय की ओर से पत्र पोस्टल डिपार्टमेंट में लिखे जाने हेतु अवगत कराया गया।

अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा गोण्डाहुर, कोरर, में नयी बैंक शाखा खुलने एवं हाटकर्रा में नया एटीएम लगाने के प्रस्ताव की जानकारी प्रदान की गयी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग से पानी टंकी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि माह जुलाई तक सभी टंकियों का कार्य पूरा हो जायेगा।

माननीय सांसद महोदय द्वारा रामकृष्णपुर एवं बैकुण्ठपुर कार्य के संबंध में जानकारी ली गयी। कार्यपालन अभियंता द्वारा कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गयी। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सबसे पहले नदी पार के गावों के लिए पेयजल हेतु प्रमुखता प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

केन्द्र सरकार की महत्ता वाली योजनाओं के सफलतम क्रियान्वयन हेतु कार्य एजेंसियों से क्रमवार चर्चा एवं विस्तृत जानकारी के क्रम में निम्नानुसार योजनावार जानकारी प्रदान की गयी हैः–

**प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता द्वारा जिले में योजनांतर्गत चल रहे सड़क के अपूर्ण निर्माण कार्यों की प्रगति विषयक जानकारी से सदन को अवगत कराया गया कि

जिले में 1607.64 कि.मी. लंबाई के 361 सड़क कार्य स्वीकृत हैं। इन कार्यों के लिए रू. 57142.67 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी हैं। विभाग द्वारा चल रहे कार्यों में 266 कार्य पूर्ण तथा 80 कार्य प्रगतिरत हैं। अप्रारंभ कार्यों की संख्या 11 एवं बाधित कार्य 04 हैं। अप्रारंभ 11 सड़कों में निविदा प्रक्रियाधीन है।

माननीय जनपद पंचायत अध्यक्ष कोयलीबेड़ा द्वारा तहकाल का रोड कार्य पूरा कराये जाने हेतु ध्यानाकर्षित किया गया। कार्यपालन अभियंता द्वारा यह कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने एवं बुलावंड मार्ग का प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर दिये जाने की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया।

जिला पंचायत माननीय अध्यक्ष द्वारा पनावार सड़क के कार्य में गुणवत्ता नहीं बरते जाने हेतु निर्देशित किया गया। अवगत कराया गया कि अभी मिट्टी कार्य प्रारंभ हैं, उसके पश्चात् बोल्डर कार्य प्रारंभ होगा।

माननीय जनपद अध्यक्ष भानुप्रतापपुर द्वारा दाबकट्टा एवं चिखली मार्ग की जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि यह कार्य मार्च तक पूर्ण हो जायेगा।

जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा दमकसा दूर्गूकोंदल दोड़दे सड़क मार्ग में बोल्डर कार्य चेक करने एवं कार्य की गुणवत्ता हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सांसद एवं समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता बरती जावे एवं इसका विशेष ध्यान रखा जावे।

**लोक निर्माण विभाग/सेतु/रा.राजमार्ग**

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा बजटेड कार्यों की जानकारी प्रदान की गयी। गड़िया पहाड़ का कार्य 700 मीटर सीसी कार्य का शेष होने की जानकारी दी गयी। वर्तमान में कार्य प्रारंभ है, शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा।

कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पटवारी भवन के प्रगति की जानकारी टीएल बैठक में नियमित दी जावे।

माननीय विधायक अंतागढ़ द्वारा मार्ग में आ रहे मंदिर की वजह से अंतागढ़ सड़क मार्ग का मसला हल नहीं होने संबंधी चर्चा की गयी। निर्देशित किया गया कि मार्ग में आ रही कंडम भवन को ध्वस्त कर मार्ग की चौड़ाई बढ़ाई जा सकती है।

माननीय विधायक श्री भोजराज नाग द्वारा चारामा शार्टकट मार्ग में दो स्थानों का गडढा ठीक कराये जाने हेतु कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया।

सेतु विभाग के सहायक अभियंता द्वारा चर्चानुरूप अवगत करा गया कि जिला कांकेर के कांकेर दुधावा मार्ग के कि.मी. 19/ 2 दलदली नाला, 15/ 2 कंक नाला, 25/4 सारवण्डी नाला पर पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। ग्राम पुसवाड़ा, कुलगांव आवासपारा, ईरागांव से अर्रा एवं छोटेबेटिया सितरम मार्ग पर कोटरी नदी पर सेतु हेतु प्राक्कलन शासन को प्रेषित किया गया है।



19-03-18 11:47

**जल संसाधन विभाग**

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग द्वारा व्यपवर्तन योजना की जानकारी सदन को प्रदान की गयी।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा मनरेगा कार्य की धीमी गति पर अप्रसन्नता प्रकट किया गया। कार्यपालन अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि माह मार्च तक एनीकट के 03 कार्य पूर्ण हो जायेंगे।

नगर पंचायत पखांजूर माननीय अध्यक्ष श्री असीम राय द्वारा ऐसे तालाब जिनमें वर्षों से कोई कार्य नही हुये हैं लघु सिंचाई योजना अंतर्गत पखांजूर क्षेत्र के बडे तालाबों से सिंचाई कार्य के प्रस्ताव हेतु चर्चा की गयी। अवगत कराया गया कि बडे तालाबों का गहरीकरण संभव नहीं होता है।

**मछलीपालन विभाग**

सहायक संचालक मछलीपालन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में 547 हेक्टेयर भूमि पर तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। योजनांतर्गत 66 हितग्राहियों को मोटरसायकल भी प्रदान की गयी है। इस वर्ष 2800 मिट्रिक टन का मत्स्य उत्पादन हुआ है। मत्स्य उत्पादन पडोसी राज्य उड़ीसा एवं महाराष्ट्र को भी भेजा जा रहा है। दूर्गूकोंदल, अंतागढ़, नरहरपुर एवं चारामा में मत्स्य उत्पादन हेतु मत्स्य कृषकों का रूझान बढ़ रहा है भविष्य में इन क्षेत्रों से अच्छा मत्स्य उत्पादन प्राप्त होगा।

**प्रधानमंत्री उज्जवला योजना**

सहायक खाद्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में 76549 गैस कनेक्शन के लक्ष्य के विरूद्ध 71380 केवाईसी फार्म में से 64666 अनुमोदित किये गये हैं, जिनमें से 62878 का एसवी व्हाउचर जारी कर 62069 गैस कनेक्शन का वितरण किया गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा कनेक्शन बढ़ाये जाने एवं योजना का प्रचार–प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना/प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**

कृषि विभाग के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत 13 परियोजनायें संचालित हैं, जिसमें चेक डेम निर्माण, डबरी निर्माण, कुंआ निर्माण कार्य, स्टाप डेम, गेबियन संरचना निर्माण, बोल्डर चेक आदि 151 कार्यों के लिए कुल राशि रू. 483.83 लाख की राशि उपलब्ध है। उपलब्ध राशि में से रू. 240.64 लाख व्यय किया गया है। उक्त 151 कार्यों में 56 पूर्ण, 55 प्रगतिरत एवं 40 अप्रारंभ हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कुल 51716 बीमित किसानों के 86823.2989 क्षेत्रफल एरिया को कवर किया गया है एवं रू. 2839379672 का बीमा किया गया है।

## राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना अंतर्गत नलजल प्रदाय का कार्य स्वीकृत होने की जानकारी प्रदान की गयी कि जिले में नलजल प्रदाय योजना के 51स्वीकृत कार्यों में 16 पूर्ण तथा 25 आंशिक पूर्ण हैं।

कार्यपालन अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि टेंडर की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। जुलाई 2018 तक समस्त टंकी कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे।

नगर पंचायत पखांजूर माननीय अध्यक्ष श्री राय द्वारा चॉदीपुर टंकी का कार्य ठेकेदार द्वारा नहीं किये जाने संबंधी अवगत कराया गया। कार्यपालन अभियंता द्वारा कार्य प्रगति पर होने एवं 15 अप्रैल तक इसे पूरा हो जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मेकेनिकल के सहायक अभियंता द्वारा आगामी गरमी में जल संकट की स्थिति से निपटने के लिए जिले में 180 हेंण्ड पम्प का खनन किये जाने की जानकारी प्रदान की गयी। जिले में दो मशीनों में से एक मशीन खराब है जो रिपेयरिंग में है, दूसरे जिले से मशीन मंगाकर कार्य कराये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी ।

## मध्यान भोजन / सर्व शिक्षा अभियान

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के स्कूलों में चल रहे मध्यान भोजन की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया । रसोईयों के हड़ताल से पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा की गयी। निर्देशित किया गया कि जो स्वयं सहायता समूह व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, उनको निरस्त कर नये समूह गठित किये जावें।

जिला मिशन समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान द्वारा अवगत कराया गया कि जिले को सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत रू. 2142.73 लाख का बजट स्वीकृत हुआ था जिसमें मात्र 1001.822 लाख की राशि जिले को प्राप्त हुई है जिसमें से शतप्रतिशत राशि जारी की जा चुकी है। वर्तमान में सत्र 2011–12 से वर्ष 2017–18 तक रू. 1138.58 लाख मात्र आज पर्यन्त तक अप्राप्त है जिसके लिए शासन स्तर से पत्राचार किया जा रहा है।

माननीय विधायक अंतागढ़ द्वारा भवन विहीन शालाओं की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। डीएमसी सर्व शिक्षा अभियान द्वारा सूची उपलब्ध करा दी गयी।

## दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना

कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना अंतर्गत प्रस्तावित 33/ 11 के.व्ही नया सब स्टेशन दमकसा, जामगांव एवं मथुरा बाजार का कार्य मार्च 2018 तक पूर्ण हो जाने की जानकारी प्रदान की गयी। पंडरीपानी तथा परसोदा निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने की जानकारी से माननीय अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया।

माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बिना रिडिंग 3–4 माह का बिजली बिल विभाग द्वारा एक साथ भेजने एवं अधिक बिल आने के संबंध में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारी से चर्चा की गयी। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उक्त समस्याओं का निराकरण करने एवं समय पर बिजली बिल एवं वास्तविक रिडिंग कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यपालन अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यालय में 8–10 मीटर रीडर होते हैं, जो पूरे क्षेत्र को कव्हर करते हैं।

19-03-18 11:48

## एकीकृत बाल विकास योजना

कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मातृत्व वंदना योजना की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया। प्रदाय की जाने वाली तीन किश्तों में जारी राशि रू. 5000 के संबंध में आवश्यक विस्तृत जानकारी सदन को प्रदान की गयी।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एन.एच.एम. अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्य मंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत कुल 166353 लक्ष्य के विरूद्ध 162368 स्मार्ट कार्ड तैयार किए गए हैं जो कुल उपलब्धि का 97 प्रतिशत है।

नवीन स्मार्टकार्ड के आवेदन प्रकिया अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों से 20137 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसके आधार पर आगे नवीन स्मार्ट कार्ड और बनाये जायेंगे ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य 7660 के विरूद्ध 5575 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

माननीय विधायक अंतागढ़ द्वारा अंतागढ़ में स्थापित किये जाने वाले ब्लड यूनिट के संबंध में चर्चा की गयी। अवगत कराया गया कि शासन स्तर से इस हेतु पत्राचार किया जा रहा है।

माननीय सांसद महोदय द्वारा जिला मुख्यालय में एम्बुलेंस की उपलब्धता एवं समय पर सुविधा प्राप्त होने के संबंध में मिनी ओटी एम्बुलेंस की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। इस हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## कौशल विकास योजना

सहायक संचालक, कौशल विकास द्वारा पूर्व बैठक में निर्देशित अनुरूप उपस्थित प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र, सिंगारभाट, बीइंग वेल एमपावर फाउन्डेशन, दुर्गूकोंदल द्वारा चल रहे प्रशिक्षण विषयक जानकारी प्राप्त की गयी। सेंटर हेड सिंगारभाट द्वारा इलेक्ट्रानिक्स में 42, सिलाई में 67, निर्माण में 53 एवं कम्प्युटर में 58 कुल 220 बच्चे प्रशिक्षित किये जाने एवं 59 को नियोजित किये जाने की जानकारी प्रदान की गयी।

इसी कम में सेंटर हेड दुर्गूकोंदल द्वारा आईटी 60 एवं हेल्थकेयर 60 कुल 120 प्रशिक्षित की जानकारी प्रदान की गयी। जिनमें से 45 को नियोजित किया गया है। वर्तमान में आईटी के 10 एवं हेल्थकेयर के 45 प्रशिक्षार्थी हैं।

## डिजिटल इंडिया

भू अभिलेख के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा लैण्ड रिकार्ड मार्डनाईजेशन प्रोग्राम अंतर्गत मार्डन रिकार्ड रूम की अद्यतन जानकारी के संबंध में सदन को अवगत कराया गया कि प्राप्त आबंटन 12.00 लाख रूपये के प्राप्त आबंटन पर नियमानुसार निविदा जारी कर निविदा समिति के निर्णय अनुसार ''मेसर्स ग्लोबल इन्फोटेक'' दुर्ग को कार्य आदेश जारी किया गया है। लेमिनेशन, स्केनिंग, एवं बाईडिंग का कार्य चालू है एवं कार्य प्रगति पर है।

## एसबीएम अर्बन/प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि स्वच्छ भारत मिशन अर्बन अंतर्गत प्राप्त 1553 आवेदनों के विरूद्ध हितग्राही द्वारा पात्रता अनुरूप 773 शौचालय निर्मित है तथा 780 शौचालय एजेंसी के माध्यम से निर्मित किए गये हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 484 आवास स्वीकृत किए गए हैं जिनमें 24 आवास निर्माणाधीन हैं।

## ई– डिस्ट्रिक्ट परियोजना

ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चिप्स द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत् 95 सीएससी सेंटर के द्वारा अभी तक कुल 8474 उम्मीदवारों का पंजीयन किया गया है जिसमें से 8352 उम्मीदवारों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है 3431 उम्मीदवार सर्टिफाईड हो चुके हैं।

इन्टरनेट कनेक्टिविटी के अभाव में ऑनलाईन सेवाएँ ग्रामीण नागरिकों को उपलब्ध कराने में कठिनाई है।

# अधोसंरचनात्मक कार्य

### दूरभाष

अनुविभागीय अधिकारी दूरभाष द्वारा नरहरपुर, कलेक्ट्रेट कांकेर, आमापारा कांकेर, नंदनमारा कांकेर, गोविंदपुर कांकेर, आईएस कॉलोनी भानुप्रतापपुर, बांदे कालोनी, कोयलीबेड़ा, कच्चे, हांकेर, पी.व्ही 74 छिंदपाल, कुम्हारी में नया टॉवर लगाये जाने हेतु स्थल की जानकारी दी गयी। शीघ्र ही 3 जी सेवायें कांकेर जिले में चालू हो जायेंगी। नोफा कार्यकम अंतर्गत 22 ग्राम पंचायतों को नेट कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है।

### रेलवे

रेल विभाग के उपस्थित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि रावघाट–दल्लीराजहरा रेल का दिसम्बर 2017 में गुदुम से भानुप्रतापपुर तक रेल इंजन का ट्रायल किया जा चुका है। मई 2019 तक भानुप्रतापपुर से केंवटी, अन्तागढ़ तथा दिसम्बर 2020 तक अन्तागढ़ से ताड़ोकी तक कार्य पूर्ण किया जावेगा।

प्रभावित को नौकरी के संबंध में चर्चा की गयी अवगत कराया गया कि 75 प्रतिशत की जमीन जिनकी है उन्हें मुआवजा राशि दी जा रही है।

### महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के जिले में कियान्वयन की स्थिति के संबंध में माननीय अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि योजनांतर्गत वर्ष 2017–18 में लेबर बजट अनुसार कुल मानव दिवस का लक्ष्य



19-03-18 11:49

45.63 लाख मानव दिवस है। जिसमें सृजित कराया गया कुल मानव दिवस 43.26 लाख श्रम दिवस है। जो प्राप्त लक्ष्य अनुसार 94.8 प्रतिशत है। 100 दिन पूरा करने वाले परिवारों की संख्या 10336 है। वर्तमान प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 93 प्रतिशत का व्यय किया जा चुका है ।

**दीनदयाल ग्रामीण अन्त्योदय योजना**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा दीनदयाल ग्रामीण अन्त्योदय योजना विषयक अवगत कराया गया कि वर्ष 2017–18 में 3450 के प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध जिले में 2263 नये समुहों का गठन किया जा चुका है। जिले के 07 विकासखंडों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सघनता से कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सीआरपी चक का कियान्वयन कर समुह गठन एवं प्रशिक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। वर्तमान में योजनांतर्गत जिले में 5299 महिला समुह है। गठित किये गये स्व सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड/सामुदायिक निवेश निधि एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर उनकी आजिविका में वृद्धि का कार्य किया जा रहा है।

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वर्तमान प्रगति से माननीय अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया। बताया गया कि जिले की कुल 427 ग्राम पंचायतों में से पूरी 427 ग्राम पंचायतें ओडीएफ हो चुकी है। इस प्रकार जिले के 1083 ग्रामों को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2016–18 में जिले को 2180 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें लक्ष्य के अनुरूप शतप्रतिशत स्वीकृति दी गयी है। स्वीकृत 2180 आवासों में प्रथम किश्त 7030, द्वितीय किश्त 5585 एवं तृतीय किश्त 2473 को जारी किया गया है। स्वीकृत 7180 आवासों में 4193 पूर्ण एवं 2987 आवास निर्माणाधीन हैं।

**रूर्बन मिशन**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जिले में संचालित रूर्बन मिशन विषयक अवगत कराया गया कि, जिले के 05 रूर्बन ग्राम पंचायतों के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में तैयार डी.पी.आर. में केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त राशि रू. 5.65 करोड में **CGF** मद का 92 प्रतिशत विभिन्न एजेंसियों को कार्य हेतु आबंटित किया गया जाकर विभिन्न घटकों के कार्य स्कील डेवलपमेंट, कृषि, डिजिटल साक्षरता, वाटर सप्लाई, स्वच्छता, सड़क एवं नाली कार्य कराये जा रहे हैं।

कलेक्टर एवं समिति के सदस्य सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष, महोदय से बैठक समाप्ति की अनुमति प्राप्त करने एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को माननीय अध्यक्ष महोदय के मार्गदर्शन संबोधन उपरांत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों / अधिकारियों तथा लाईन डिपार्टमेंट के नोडल अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

(टामन सिंह सोनवानी)
कलेक्टर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर



19-03-18 11:49

पृ. क्रमांक / 477 /कले./जि.पं./2018 कांकेर, दिनांक 16.03.2018

प्रतिलिपि :–

1 सर्व संबंधित माननीय श्री ..........................................................................................
.............................. को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2 अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय नया रायपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

3 सचिव छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग महानदी भवन नया रायपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

4 संचालक, पंचायत, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ।

5 आयुक्त, बस्तर संभाग जगदलपुर को सूचनार्थ।

6 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

7 सर्व जिला स्तरीय विभाग प्रमुख / ग्रामीण विकास एवं अन्य संबंधित विभाग के कार्यक्रमों को कियान्वित करने वाले लाईन डिपार्टमेंट के प्रभारी/नोडल अधिकारी ..............................
..........................................................................................

उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार प्राप्त निर्देशों के पालनार्थ एवं पालन प्रतिवेदन समय सीमा में प्रेषित किये जाने हेतु सूचनार्थ अग्रेषित।

8 निज सहायक (कलेक्टर) जिला कार्यालय उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

9 डी.आई.ओ. NIC को सूचनार्थ एवं भारत सरकार की वेब साईट में अपलोड करने हेतु अग्रेषित।

10 डीपीएम ई– पंचायत जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला उत्तर बस्तर कांकेर

19-03-18 11:50